ब्लैक एंड व्हाइट और रंगीन टेलीविजनों पर नकद मुआवजे के रूप में राहत का दिया जाना

1026. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 14 इंच के ब्लैक एंड व्हाइट तथा रंगीन टेलीविजनों पर नकद मुआवजे के रूप में 15 प्रतिशत राहत देने की घोषणा की है ;

(ख) क्या सरकार यह सुविधा 20 इंच के टेलीविजनों पर भी देने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०आर०दासमुंशी) : (क) से (ग) सभी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक उपकरणों तथा अनुषंगी सामान पर जिनमें शामिल हैं इलैक्ट्रोनिक संघटक और इलैक्ट्रोनिक यंत्र जिनमें सभी आकार के टी० वी० रिसीवर कवर होते हैं, के निर्यात पर 15 प्रतिशत की दर से नकद मुआवजा सहायता मंजूर की गई है।

राजस्थान में नाबार्ड द्वारा सिंचाई के पम्प सैटों के लिए वित्तीय सहायता

1027. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में सिंचाई के लिए प्रयोग में आने वाले उन पम्प सैटों की संख्या कितनी है जिनके लिए गत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा आवश्यक धनराशि प्रदान की गई है ;

(ख) राज्य के प्रत्येक जिले को दिए गए ऐसे पम्प सैटों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या सरकार को इन पम्प सैटों के सही ढंग से कार्य न करने के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) दोषपूर्ण पम्प सैट बेचने वालों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

दालों के आयात पर शुल्क लगाया जाना

1028. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दालों के आयात पर पिछले वर्ष लिये जाने वाले शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है जिससे दालों के मूल्य में तेजी से वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या सरकार मूल्यों को कम करने के लिये दालों के आयात पर लगाये जाने वाले उक्त अतिरिक्त शुल्क को समाप्त करने का विचार रखती है ;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में दिल्ली अनाज व्यापारी संघ की ओर से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) पिछले वर्ष अच्छी फसल होने की संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए